दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001
वर्ष :- 03 अंक :- 86 मुरादाबाद, 15 July 2023 (Saturday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करें-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

## आम महोत्सव 2023 : सीएम योगी ने किया उद्घाटन, बोले- यूरोप का बाजार कर रहा यूपी के आम का इंतजार, गुणवत्ता बढ़ाएं

### सीएम योगी ने जाना पीड़ितों का हाल, बांटी राशन किट, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया हवाई निरीक्षण



•आम महोत्सव 2023 का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया उद्घाटन

सीएम योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को सहारनपुर पहुंचे। यहां उन्होंने बाढ़ से प्रभावित हुए पीड़ितों का हाल जाना और उन्हें राशन किट बांटी। इस दौरान सीएम योगी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई निरीक्षण भी किया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले सरसावा एयरपोर्ट पर पहुंचे। वहां से हेलीकॉप्टर के जरिए चिलकाना पहुंचे। यहां पर बाढ़ पीड़ितों को राशन किट का वितरण कर उनका हाल जाना। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का हवाई निरीक्षण भी किया।चिलकाना से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहारनपुर की पुलिस लाइन में हेलीकॉप्टर से आएंगे और इसके बाद जेवी जैन डिग्री कॉलेज में बनाए गए राहत शिविर में बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात करेंगे। जिला प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से जेवी जैन डिग्री कॉलेज को पूरी तरह से बंद कर दिया है। पुलिस लाइन में जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र, एसएसपी विपिन ताडा और अन्य जिला प्रशासनिक अधिकारी मौजूद हैं। बताया गया कि सभी अधिकारी मुख्यमंत्री का इंतजार कर रहे हैं। वहीं भाजपा के कुछ पदाधिकारी भी पुलिस लाइन में मौजूद हैं, जिसमें देवबंद से विधायक एवं मंत्री कुंवर बृजेश सिंह, विधायक कीरत सिंह शामिल है। सीएम अवध शिल्प ग्राम में आयोजित आम महोत्सव में संबोधन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 1000 वैरायटी के आम उत्पादित होते हैं ।उत्तर प्रदेश में केवल उत्तर प्रदेश की जनता ही नही बल्कि पूरे देश के साथ विश्व भर के देशों में मांग पूरी करने में सफल हो सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रूस में उत्तर प्रदेश के आमों की काफी मांग है। वहां पर 800 सौ रुपये प्रति किलो आम बिक रहा है। यहां से कार्गो के माध्यम से आम भेजने में 190 रुपये का खर्च आता है। यानी कोई किसान अगर रूस में आम भेजेगा तो उसे 600 रुपये से ज्यादा का नेट प्रॉफिट होगा। हमें यहां के आमों को दुनिया के कोने-कोने में पहुंचाना है। यूरोप के बाजार उत्तर प्रदेश के आम का इंतजार कर रहे हैं। शॉर्टकट न अपनाएं अपनी गुणवत्ता पर ध्यान देते हुए मांग के अनुरूप प्रोडेक्ट तैयार करें। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बीज से लेकर बाजार तक की दूरी को कम करने का कार्य कर रही है।

### आम मोहत्सव किसानों की आमदनी को कई गुना बढ़ाने का एक मंच

सीएम योगी ने शुक्रवार को अमर शहीदपथ स्थित अवध शिल्पग्राम में तीन दिवसीय ''उत्तर प्रदेश आम महोत्सव 2023'' का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में हमने दुनिया के अलग-अलग देशों में टीमें भेजी थी। प्रदेश की औद्यानिक फसलों के लिए हमें वैश्विक बाजार को टटोलना होगा। इसके लिए विभिन्न देशों में मौजूद भारत के मिशन के माध्यम से यूपी के कृषि से जुड़े उत्पादों की प्रदर्शनी का आयोजन करें। सीएम योगी ने कहा कि आम महोत्सव किसानों की आमदनी को कई गुना बढ़ाने का एक मंच है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश सरकार किसानों के हित से जुड़े सभी आवश्यक कदम उठा रही है।

### सब्जियों को भी वैश्विक बाजार में पहुंचाना होगा

सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश के अंदर 4 स्थानों पर पैक हाउस बनाए हैं।

अभी पिछले दिनों वाराणसी के पैकहाउस से दो टन आम हमें दुबई भेजने का अवसर प्राप्त हुआ। ऐसे ही कार्यक्रम हमें सहारनपुर, अमरोहा और लखनऊ पैकहाउस से आयोजित करने होंगे। उन्होंने कहा कि औद्यानिक फसल के साथ-साथ हमें यहां की सब्जियों को भी वैश्विक बाजार में पहुंचाना होगा। इसके लिए हमारे कृषि वैज्ञानिकों और उद्यान विभाग के अधिकारियों को सामूहिक प्रयास करना होगा तब ही हम नई संभावनाओं को तलाश पाएंगे और उत्तर प्रदेश के कृषि एवं औद्यानिक उत्पादों को एक अलग पहचान दिला पाएंगे।

आम के क्रेता और विक्रेता ने सीएम योगी को दिया धन्यवाद

आम महोत्सव में उत्पादक, क्रेता, विक्रेता और निर्यातक शामिल हुए। इनमें अलीगढ़ के आम क्रेता डॉक्टर मोबिनुद्दीन खान ने अपनी बात रखते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों का नतीजा है कि पिछले सप्ताह रूस की राजधानी मास्को में आमरस कार्यक्रम का सफल आयोजन हो पाया। वहां के लोगों ने उत्तर प्रदेश के दशहरी, लंगड़ा, चौसा आदि आमों का स्वाद चखा। सीएम योगी की यूपी के आमों को वैश्विक पहचान दिलाने की दृढ़ इच्छा शक्ति की वजह से आज यहां के आम रूस, दुबई और बहरीन पहुंच पा रहे हैं।

### दो से तीन टन आम प्रत्येक सप्ताह निर्यात कर रहे

आम विक्रेता बहरीन के लतीश भाटिया ने कहा कि यह महोत्सव हमारे उत्तर प्रदेश के आमों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हम दो से तीन टन आम प्रत्येक सप्ताह निर्यात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीएम योगी यहां के आमों को नई पहचान दिलाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। इससे आम के किसानों के साथ आम से बने उत्पादों का कारोबार करने वालों को काफी फायदा मिलेगा। भाटिया ने इसके लिए सीएम योगी का आभार जताया।

### आम उत्पादन से जुड़े किसान हुए सम्मानित

कार्यक्रम से पहले सीएम योगी ने आम और आम से बने विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। साथा ही उन्होंने आम महोत्सव 2023 की स्मारिका का विमोचन किया। इसके अलावा सीएम योगी ने आम उत्पादन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए किसानों और व्यापारियों को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह एवं आम उत्पादक किसान मौजूद थे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## चंद्रयान-3 का पूरा सफर: 3.84 लाख किलोमीटर की दूरी, 40-50 दिन का सफर और फिर खुलेगा चांद का राज



भारत एक नया कीर्तिमान रचने के लिए तैयार है। भारतीय वैज्ञानिकों ने दोपहर ढाई बजे श्रीहरिकोटा से चंद्रयान-3 को लॉन्च कर दिया। भारत ही नहीं पूरी दुनिया की नजर इस मिशन पर टिकी है। चंद्रयान-3 मिशन के अंतर्गत इसका रोबोटिक उपकरण 24 अगस्त तक चांद के उस हिस्से (शेकलटन क्रेटर) पर उतर सकता है जहां अभी तक किसी भी देश का कोई अभियान नहीं पहुंचा है। इसी वजह से पूरी दुनिया की निगाहें भारत के इस मिशन पर हैं। चंद्रयान-3 को LVMx रॉकेट से लॉन्च किया गया। लैंडर को सफलतापूर्वक चांद की सतह पर उतारने के लिए इसमें कई तरह के सुरक्षा उपकरणों को लगाया गया है। चंद्रयान-3 मिशन की थीम Science Of The Moon यानी चंद्रमा का विज्ञान है। आइए चंद्रयान-3 के धरती से चांद तक का पूरा सफर जानते हैं। कैसे चंद्रयान-3.84 लाख किलोमीटर की दूरी तय करेगा और इसकी क्या-क्या खासियत होगी? 36 हजार 968 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ेगा चंद्रयान दोपहर 2.35 बजे LVMx रॉकेट के जरिए चंद्रयान-3 लॉन्च किया गया। तब इसकी शुरुआती रफ्तार 1,627 किमी प्रति घंटा थी। लॉन्च के 108 सेकंड बाद 45 किमी की ऊंचाई पर इसका लिक्विड इंजन स्टार्ट हुआ और रॉकेट की रफ्तार 6,437 किमी प्रति घंटा हो गई। आसमान में 62 किमी की ऊंचाई पर पहुंचने पर दोनों बूस्टर रॉकेट से अलग हो गए और रॉकेट की रफ्तार सात हजार किमी प्रति घंटा पहुंच गई। करीब 92 किमी की ऊंचाई पर चंद्रयान-3 को वायुमंडल से बचाने वाली हीट शील्ड अलग हुई। 115 किमी की दूरी पर इसका लिक्विड इंजन भी अलग हो गया और क्रॉयोजनिक इंजन ने काम करना शुरू कर दिया। तब रफ्तार 16 हजार किमी/घंटा थी। क्रॉयोजनिक इंजन इसे लेकर 179 किमी तक ले गया और इसकी रफ्तार 36968 किमी/घंटे थी।

### 40 दिन में पूरा होगा सफर

धरती से चांद की दूरी करीब 3.84 लाख किलोमीटर है। चंद्रयान-3 इस दूरी को 40 से 50 दिनों में तय करेगा। मतलब अगर सबकुछ सही रहा तो 50 दिनों में चंद्रयान-3 का लैंडर चांद की सतह पर होगा। इसरो की योजना के मुताबिक, इसे 23-24 अगस्त को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर विक्रम लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग कराई जाएगी। अगर दक्षिणी ध्रुव पर लैंडर की सॉफ्ट लैंडिग होती है, तो भारत दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला विश्व का पहला देश बन जाएगा।

सूर्योदय की स्थिति देखकर बदलाव भी हो सकता है

चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर लैंडिंग 23-24 अगस्त को रखी गई है लेकिन वहां सूर्योदय की स्थिति को देखते हुए इसमें बदलाव हो सकता है। अगर सूर्योदय में देरी होती है तो इसरो लैंडिंग का समय बढ़ाकर इसे सितंबर में कर सकता है। इसरो के प्रमुख एस सोमनाथ ने बताया कि चंद्रयान-3 लॉन्च होने के बाद पृथ्वी की कक्षा में जाएगा फिर इसके बाद धीरे-धीरे चंद्रमा की ओर आगे बढ़ेगा। हम उम्मीद कर रहे हैं कि सब ठीक रहेगा और 23 अगस्त या उसके बाद किसी भी दिन लैंड करेगा।

### चंद्रयान-2 से ये कितना अलग?

चंद्रयान-2 के मुकाबले इस बार चंद्रयान-3 का लैंडर ज्यादा मजबूत पहियों के साथ 40 गुना बड़ी जगह पर लैंड होगा। लैंडर को सफलतापूर्वक चांद की सतह पर उतारने के लिए इसमें कई तरह के सुरक्षा उपकरणों को लगाया गया है। चंद्रयान-3 मिशन की थीम Science Of The Moon यानी चंद्रमा का विज्ञान है। चंद्रयान-2 में जहां ऑर्बिटर, लैंडर और रोवर थे। वहीं, चंद्रयान-3 में प्रपल्शन मॉड्यूल, लैंडर और रोवर होंगे। चंद्रयान-3 का लैंडर+रोवर चंद्रयान-2 के लैंडर+रोवर से करीब 250 किलो ज्यादा वजनी है। चंद्रयान-2 की मिशन लाइफ सात साल (अनुमानित) थी, वहीं चंद्रयान-3 के प्रपल्शन मॉड्यूल को तीन से छह महीने काम करने के लिए डिजाइन किया गया है। चंद्रयान-2 के मुकाबले चंद्रयान-3 ज्यादा तेजी से चांद की तरफ बढ़ेगा। चंद्रयान-3 के लैंडर में चार थ्रस्टर्स लगाए गए हैं।

### लैंडर-रोवर का नाम विक्रम और प्रज्ञान ही रखा गया

चंद्रयान-3 के लैंडर का नाम विक्रम और रोवर का नाम प्रज्ञान ही रहेगा। रोवर के भीतर ही लैंडर मौजूद है। 615 करोड़ रुपये की लागत वाले चंद्रयान-3 मिशन का लक्ष्य भी चंद्रयान-2 की तरह ही है। इसके जरिए चांद की सतह के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी जुटाना है। खासतौर पर चांद के सबसे ठंडे इलाके की जानकारी जुटाना। चंद्रयान-3 के लैंडर पर चार तरह के साइंटिफिक पेलोड जा रहे हैं। ये चांद पर आने वाले भूकंपों, सतह की थर्मल प्रॉपर्टीज, सतह के करीब प्लाज्मा में बदलाव और चांद और धरती के बीच की सटीक दूरी मापने की कोशिश करेंगे। चांद की सतह के रासायनिक और खनिज संरचना की भी स्टडी होगी।

### चुनौतियां भी कम नहीं हैं




चंद्रयान-3 के सामने चुनौतियां भी काफी हैं। सबसे बड़ी चुनौती अनजान सतह पर लैंड करना है। यह एक ऑटोनॉमस प्रक्रिया है जिसके लिए कोई कमांड नहीं दी जाती। लैंडिंग किस तरह होगी, यह ऑन-बोर्ड कंप्यूटर तय करता है। अपने सेंसर्स के हिसाब से लोकेशन, हाइट, वेलोसिटी वगैरह का अंदाजा लगाकर कंप्यूटर फैसला लेता है।

चंद्रयान-3 की सॉफ्ट-लैंडिंग सटीक और सही होने के लिए कई तरह के सेंसर्स का एक साथ ठीक काम करना जरूरी है। चंद्रयान-3 मिशन की सफलता भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक होगी। अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत चौथा ऐसा देश बन जाएगा जिसने चांद पर सॉफ्ट-लैंडिंग की होगी। हाल के वर्षों में इसरो ने खुद को दुनिया की लीडिंग स्पेस एजेंसी के रूप में स्थापित किया है। चांद पर सफल मिशन से उसकी साख और मजबूत होगी।

## संपादकीय Editorial

### How far from shimla is himachal

When Himachal Chief Minister Sukhwinder Sukhu camped in areas affected by heavy rains for three consecutive days, the scale of relief changed. That is, the people of Himachal trapped in the situation of flood and excessive rains were exposed and thousands of people were rescued safely from the trap of rain. If tourists stranded in Chandratal Lake or Parvati Valley from Kullu-Manali can safely leave for their homes, then it is a touch of the government to be present on the spot outside Shimla. In such a situation, the question is why the political-administrative corridors of the capital Shimla do not allow the state-level vision to be strengthened. Although the truth is that various departments must have thought while sitting in Shimla that how to protect the state during the monsoon cycle, but no one visited Himachal. The capital does not have time to see every corner of the state. In such a situation, the presence of the Chief Minister in the disaster affected areas proves that the decisions are accurate and correct in the light of the occasion. Actually, many Himachals have started running within Himachal, but the gap of administrative hold is visible in the arrogance of the capital. A period had begun when some regional offices sprouted on the path of administrative decentralization, but now they are irrelevant and unarmed pigeons, who only give officers an opportunity to get promoted. The need is even today that Shimla to Bharmour and Sirmaur should look alike or that Himachal from Channaur to Kinnaur should think alike. It is impossible that the signing of files should continue to be costly and lengthy in the blaze of the capital. The system of good governance in Himachal still runs in the shadow of bureaucracy under the Babugiri of the Secretariat. The record room of Himachal's files may crown the capital, but when questions of regional identity emerge, the pain increases at the time of snowfall, floods or other calamities.

For example, Himachal's education department divides the state into so many pieces regarding the annual school holidays that it itself does not know when it will rain and when it will snow. The horticulture department, while counting the cooling hours of apples, forgets why mangoes did not grow on the boots of Bilaspur-Hamirpur or why Kangra's kinnow dried up on the branches. If Shimla sees Himachal's industrial development between Parwanoo and BBN, then due to being close to the capital, all the traffic planning would have got entangled in the traffic jam there. To know the rain of Himachal, one has to understand the pain of every river, ravine or drain. If the wounds are due to repeated drowning of Una, then it is also due to the raging floods of Manjhi last year. Who would remember that Dharampur's bus stand is now a story of drowning in rains. The Transport Department can make a policy by meeting in Shimla, but cannot see the broken chain of public transport. New buses must have arrived and the green signal must have been given, but Shimla will not describe the broken journeys of government buses every day. Who can tell where the years old Volvo bus leaked in this rain. Who will show that the Volvo ticket to Haridwar will now be completed in a normal bus journey. Obviously there is a difference between politics and good governance. Capital Shimla can be a heaven for politics, but for good governance, difficult areas have to be saved from being hell. Will it be known sitting in Shimla that how many barr (bugs) fly directly from the maize field and attack people in this season. Hundreds of snakes would come out during the rains and bite people. In the paddy cultivation in the rainy season, the feet of women are in danger from so many poisonous creatures. situation, there are many distances in Shimla's thinking even today to test Himachal.

# Manipur: It is not right to throw mud at the army, such statements are dangerous for the country

Those who malign the army in Manipur are committing treason. This is the army, due to which Assam, Nagaland, Mizoram and Manipur remain an integral part of India. The geographical unity of Manipur is linked to the whole of India. It cannot be protected by raising divisive issues. It has been more than two months, the statements coming in the midst of improving-deteriorating situation in Manipur should make us worry. Speaking to reporters at the US Consulate in Kolkata, US Ambassador Eric Garcetti said that the incidents in Manipur are a matter of humanitarian concern. According to the report of the English daily The Hindu, he said, 'We wish for peace. You don't have to be Indian to care when you see children dying in violence. If asked, we are ready to assist in any way. The guiding principle should be that everyone feels connected. We can bring more collaborations, more projects and more investments there. We are concerned with the East and Northeast of India. We are concerned with the people, places, capabilities and future here. Belous love in China's reach area bordering Myanmar, Bangladesh, Nepal, Bhutan is not causing concern, although Garcetti thought it necessary to state that America's concern is not strategic. The growth model of MNCs in the Northeast is exemplified by IAS officer Ashish Kundra in his recently published book A Resurgent North East: Narratives of Change after extensive field work. A farmer in Assam told him that multinational corporations were conspiring behind food items; They sell hybrid seeds, destroying local crops and gene pools. The second statement is from Zoramthanga, the chief minister of Mizoram and leader of the Mizo National Front, a supporter of the NDA. After the beheading of a Kuki in Manipur, he indicated that the Front's historic demand for placing all Mizos under one administrative unit may be revived. We wish that not a single photo or video clip of the burning of churches, killings and violence is ever seen. If there is only one way to make peace, shall we choose it? No person sitting on a constitutional post should make such a statement. But it also has a background. On 18 June Manipur Chief Minister N. Biren Singh requested Zoramthanga to take steps to protect the Meitei residents of Mizoram. According to reports, as a result of the violence in Manipur, he fled to Mizoram, discovering more than twelve thousand Christian cookies. The next day, according to a Times of India report, Biren Singh told the media in Imphal, 'Mainly the Kuki terrorists should stop the violence, or else they will have to face the consequences'. I appeal to the armed Maitis not to attack anywhere and maintain peace. The meaning is very clear from the words. In language like ultimatum, there is no glimpse of this bitter truth that both sides are fighting according to the opportunity. This is the inevitable tragedy of a strong sense of alienation and a narrative built on the basis of religion and race. For the first time, the fire in Manipur forced the Indian Army to indirectly counter a politician. Hindustan Times report of May 31: Chief of Defense Staff General Anil Chauhan said that the clashes in Manipur are not related to anti-insurgency operations, it is mainly caste violence. Three days ago, Biren Singh had said, '40 Kukis were killed in an encounter between security forces and militants.' It was also the first time that Maiti-Kuki was seen inside the army. The army of a diverse country is compelled to remind itself of the permanent and immutable principle that all ranks of the Indian Army are free from discrimination of race, caste, creed, gender. The army also released a video showing a barricade group of women preventing soldiers from taking action against armed militants. The army could not fire on the women, so it had to release 12 militants belonging to a Meitei militant outfit. The result of the spread of canker sore is that the army, the last weapon in defense of India's geographical integrity, started being targeted. Those who malign the army in Manipur are committing treason. This is the army, due to which Assam, Nagaland, Mizoram and Manipur remain an integral part of India. Manipur Police was divided on the basis of Maiti-Kuki. Questions were being raised on the neutrality of the paramilitary forces. If everything falls apart, then only the plans of Pakistan and China will be fulfilled. In the initial phase of the violence in Manipur, a narrative was created that drug peddlers had resorted to violence because of injuries. The reference was to the cookies. Moreh, bordering the Kuki-dominated hill district of Churachandrapur, is home to a variety of black businesses. Sudip Chakraborty has given an eye-opening account of the Moreh migration in his famous book The Eastern Gate. The heroin seller, a Meitei woman, told him that of the approximately 150 vendors, the majority were cookies, but that about twenty percent were Meiteis; Also there are Tamils and other ethnic people. Chakraborty says that red sandalwood from Karnataka and Tamil Nadu is brought to Moreh and sent to Myanmar and from there to South-West China. Compared to the Northeast of India, the price there becomes four-five times. Some influential Tamils engaged in this business have reach from Northeast to Thousands of miles away is till South India. Obviously, international smugglers cannot keep such a large network secure over a vast territory without government complicity at various levels. Toxic mindset only sees one point. After the violence that broke out on May 3 in almost peaceful Manipur, Kuki does not want to live with the Meitys. On the other hand, Nagaland's National Socialist Council of Nagaland (I-M) is already claiming about one-third of Naga-dominated Manipur. The geographical unity of Manipur is linked to the whole of India. It cannot be protected by raising divisive issues.

# Chandrayaan: Preparation to fly in space, number of technology space start-ups reaches 140

Before the year 2014, there was only one technology space start-up related to the space sector in India, while now the number of such start-ups has reached 140. Once upon a time, India was called the country of snake charmers, but now India is on its way to becoming a superpower in the world of space. In the last few years, India has completely changed its role in the space sector. Before the year 2014, where there was only one technology space start-up related to the space sector in India, now the number of such registered start-ups has reached 140. Apart from companies in than 400. At the fifth position Japan and providing space space economy Rs 30 lakh share is Rs next five years, 48 percent India's space lakh 10 the next five not just limited are also rocket engines these start-ups launching decade. Now




this, the number of such India has increased to more present, India has reached after America, China, Britain in terms of services. Right now the of the whole world is about crore, in which India's 57,431 crore. But in the it is estimated to increase by annually, due to which economy can be worth four thousand crore rupees in years. India's start-ups are to manufacturing, but they developing satellites and in their country. Some of have set a target of 30,000 satellites in the next most of the Indian start-ups are focusing on 'innovation'. Indian start-ups are working on the strength of their own research and capable engineers from their own country. The most capable and cheapest engineers in the whole world are working in our start-ups. That's why the biggest companies of the world are standing in line to invest in Indian start-ups. India's start-ups have received fresh investment of Rs 1,000 crore in the last one year, and it is growing steadily. The major reason for this is the program launched by Prime Minister Modi, whose aim is to make India the world's biggest power in the field of space. The Indian Space Research Organization (ISRO) is continuously setting new records in space. Since 2014, it has successfully launched 44 space craft missions and 42 launch vehicle missions. Now the American space agency 'NASA' also wants to work with ISRO. Chandrayaan-3 is completely 'Made in India'. This is India's third Chandrayaan mission after the failure of Chandrayaan-2 in the year 2019, which will be launched today from the space center at Sriharikota in Andhra Pradesh. The same launching vehicle has been used in Chandrayaan-3, which was used in Chandrayaan-2. There are many scientific instruments in this vehicle, which will study the surface of the moon. In March this year, the necessary tests of this vehicle were successfully completed. In this, the possible conditions that could come during the launch on the moon were assessed. Chandrayaan-3 has three modules namely Propulsion, Lander and Rover respectively. The 'Propulsion Module' carries an instrument called 'Spectro Polarimetric of Habitable Planet Earth' (SHAPE) to study spectral and polar measurements of Earth from lunar orbit, and will carry the lander and rover up to 100 km of lunar orbit . In addition, the propulsion module also has a scientific instrument as a value addition, which will be operated after the separation of the lander module. The lander is equipped with the capability to perform a 'soft landing' on a designated lunar site and deploy the rover, which will carry out chemical analysis of the moon during its mobility. If this time the lander of Chandrayaan-3 is successful in landing on the surface of the moon, then India will become the fourth country in the world to create such a record after America, Russia and China.

# उद्यमियों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ निस्तारण के निर्देश-डीएम

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेªट सभागार में जिला उद्योग बंधु की बैठक आहूत की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने उद्यमियों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुनते हुए अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ निस्तारण के निर्देश दिए। वार्ड नम्बर 4 में एसएस पॉवर फर्म से पश्चिमाचंल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड तक हार्टमिक्स द्वारा सड़क एवं आरसीसी नाले निर्माण कराए जाने के संबंध में नगर निगम द्वारा अवगत कराया गया कि सड़क व आरसीसी नाला निर्माण कार्य हेतु 47.31 लाख का आगणन तैयार है, इस पर जिलाधिकारी ने नगर निगम को प्राथमिकता से कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। सहायक महाप्रबन्धक/क्षेत्र प्रबन्धक उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा मुरादाबाद में पाकबडा से डींगरपुर को जोड़ने वाली लोक निर्माण विभाग की सड़क मरम्मत के संबंध में एनएचएआई द्वारा अवगत कराया गया कि एप्रूवल आ गया है जल्द ही सड़क की मरम्मत करा ली जाएगी।

अध्यक्ष यंग एन्टर प्रोन्योर सोसायटी के बिन्दु काशीपुर तिराहे से जामा मस्जिद तक अतिक्रमण, दिल्ली रोड पर सर्किट हाउस के सामने निर्यात नगर में एक साइड की सड़क को ठीक कराए जाने, दिल्ली रोड पर आकांक्षा मारुति शोरुम के बराकर में गड्ढे भरवाये जाने, लाकडी इंडस्ट्रियल एरिया में पानी की टंकी से मॉडर्न एजेंट इण्टरनेशनल स्कूल तक सड़क ठीक कराए जाने के संबंध में जिलाधिकारी ने नगर निगम को आवश्यक करने के निर्देश दिये।

श्री आजम अंसारी मुरादाबाद ब्रास कारखानेदार के बिन्दु महानगर के हस्तशिल्प बाहुल्य क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था कराए जाने के संबंध में जिलाधिकारी ने नगर निगम को सफाई व्यवस्था दुरस्त कराने के निर्देश दिए। लघु भारती के बिन्दु एम्प्रेसन इण्डिया एक्सपोर्ट निकट पानी की टंकी लाकडी फाजलपुर मिनी बाईपास दिल्ली रोड से लेकर रिलायन्स पोर्टल पम्प व ड्राइव 24 तक का रास्ता खराब होने, पैरागॉम मेटर इंडस्ट्रिज से लेकर इण्टरनेशनल ब्रास कलेक्शन से आगे तक नाली निर्माण कार्य तथा रामगंगा विहार सोनकपुर के आस-पास के क्षेत्र में सीवर लाइन का कार्य बहुत ही धीमी गति होने के कारण लोगों को आने जाने में परेशानी के बाबत जिलाधिकारी ने नगर निगम एवं जल निगम को प्राथमिकता के साथ कार्य कर समस्यओं के निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। श्री आजम अंसारी के बिन्दु पीरजादा रोड कूडाघर के नजदीक पुलिया निर्माण कराए जाने, नगर निगम द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अर्न्तगत स्वच्छ पेयजल व्यवस्था हेतु मुख्य चैराहों पर ठंडे पानी की मशीनों को संचालित करने, मियां कालोनी रोड पर गलियों में सड़क निर्माण कराए जाने, कटारशहीद स्थित गलशहीद कारखाने से डा0 अजीम की गली तक पानी की पाइप लाइन डलवाने, महानगर के विभिन्रि क्षेत्रों में विद्युत विभाग की 33के0वी0 लाइन के नीचे जाल लगवाये जाने तथा महानगर की विभिन्न क्षेत्रों जैसे गलशहीद, इन्द्रा चैक, प्रिंस रोड, मकबरा रोड, असालतपुरा, ईदगाह क्षेत्र को गढ्डामुक्त कराए जाने के संबंध में जिलाधिकारी ने नगर निगम, जल निगम एवं विद्युत विभाग को प्राथमिकता के साथ समस्या के निराकरण के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार, एलडीएम विशाल दीक्षित, डीएसटीओ मो0 परवेज, सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं उद्यमीगण उपस्थित रहें।

सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, छतीसगढ़ पंजाब का तेजी से बढ़ता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
रिपोर्टर, विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करें
9027776991
प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, छतीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

# मसाज सेंटर में सेक्स रैकेट, आपत्तिजनक अवस्था में पकड़े गए युवक-युवती, पुलिस को सौंपा

मुरादाबाद- मसाज सेंटर में सेक्स रैकेट चलने की आम शिकायतें हो चुकी है लेकिन, इस मामले में पुलिस का रवैया संजीदा नहीं दिख रहा है। फिलहाल, इसी मामले में मझोला थाना की मंडी चौकी क्षेत्र में मोहल्ले वालों ने एक मसाज सेंटर में युवक-युवती को आपत्तिजनक अवस्था में पकड़ा और उसे पुलिस को सौंपा। यही नहीं इस दौरान मोहल्ले में काफी हंगामा भी हुआ। प्रकरण में मोहल्ले के ही उमेश कुमार शर्मा ने मझोला थाने में युवती समेत तीन लोगों को नामजद किया है। इसमें प्रथम मंडी गेट के सत्येंद्र कुमार और हरथला की युवती है। मंडी पुलिस चौकी प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि युवती को 7 साल की कम सजा वाले केस में जेल तो नहीं भेजा गया है पर, उसे निजी मुचलके पर छोड़ा गया है। जबकि गिरफ्तार युवक सत्येंद्र कुमार को जेल भेज दिया गया है। इस मामले में हरथला मोहल्ले का ही लक्की भी नामजद है। प्रथम मंडी गेट के निवासी उमेश कुमार शर्मा ने पुलिस को बताया है कि मसाज सेंटर सत्येंद्र कुमार के घर में चलता है। इसका संचालन मेहताब नाम का व्यक्ति करता है। उन्होंने पुलिस से कहा है कि मसाज सेंटर में सेक्स रैकेट का धंधा काफी दिनों से चल रहा है लेकिन, इस बार पुलिस ध्यान नहीं दे रही है। जबकि मोहल्ले वाले कई बार विरोध भी कर चुके हैं। मसाज सेंटर के अंदर युवक और युवती के आपत्तिजनक परिस्थिति में पाए जाने पर मोहल्ले के लोग गुस्से में थे। गजरान सिंह, नेपाल सिंह चौहान, राजीव कुमार, उमेश कुमार शर्मा समेत काफी संख्या में इन लोगों को मझोला थाने ले जाकर पुलिस के सुपुर्द किया है। इस प्रकरण में नामजद लक्की अभी तक फरार है। मंडी चौकी प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि मसाज सेंटर का संचालन सत्येंद्र कुमार के घर में होता है, उसमें मेहताब नाम का व्यक्ति सहयोग जरूर करता है। मेहताब कहा का रहने वाला है, इस बारे में उन्होंने कहा जानकारी की जा रही है।

# बिजनौर जनपद में सबसे ज्यादा 10,398.43 हेक्टेअर और अमरोहा में सबसे कम 2151.56 हेक्टेअर बढ़ा रकवा

## मुरादाबाद मंडल में बढ़ गया 34,000 हेक्टेयर गन्ने का रकबा



मुरादाबाद-मंडल में सर्वे के बाद करीब 34000 हेक्टेअर गन्ना रकबा बढ़ गया है। पिछले पेराई सत्र के मुकाबले बिजनौर जनपद में सबसे ज्यादा 10,397.54 हेक्टेअर और सबसे कम 2153 हेक्टेअर रकबा अमरोहा जिले में बढ़ा है। इस साल शासन की नीति के अनुसार सिर्फ पौधे (नौलक) का ही सर्वे कराया गया। अगर कहीं पर पशु या दूसरी किसी वजह से नुकसान हुआ है, तो उसका भी सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे रिपोर्ट को एसजी पोर्टल (स्मार्ट गन्ना किसान पोर्टल) पर अपलोड कर दिया गया है। पश्चिमी यूपी में गन्ने की फसल बड़े पैमाने पर की जाती है। मुरादाबाद मंडल में करीब आठ लाख किसान गन्ने की खेती कर रहे हैं। इस साल भी किसान गन्ने की फसल को प्राथमिकता दे रहे हैं। हालांकि लागत के अनुसार गन्ने की फसल का रेट कम जरूर रहता है, लेकिन किसानों को इस फसल से फायदा ज्यादा मिलता है। अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से चीनी मिलों में गन्ना पेराई शुरू हो जाती है और अप्रैल तक चलती हैं। किसानों को गन्ने का भुगतान एक मुश्त मिलता रहता है। जिससे किसानों को फायदा मिलता है। हालांकि किसान नेताओं का मानना है कि गन्ने का रेट लागत के अनुसार नहीं मिल पा रहा। किसान बड़े पैमाने पर गन्ने की खेती कर रहे हैं। पूरे मंडल इस साल गन्ने का रकबा 34,022.20 हेक्टेअर बढ़ा है।अधिक गन्ना पेराई होने से चीनी का उत्पादन भी अधिक होगा। कुछ किसान तो फरवरी में ही नए पौधे की बुआई कर देते है। जिससे गन्ने की पैदावार अच्छी होती है। अब किसानों को गन्ना पर्ची भी मोबाइल पर एसएमएस के जरिए मिल जाती है, उसे ज्यादा परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। पिछले साल मंडल में 5,35,689.76 हेक्टेयर में गन्ने की खेती की गई, जो की इस साल 5,69,711.96 हेक्टेयर में गन्ने की खेती की जा रही है। भाकियू शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह कहते हैं कि प्रदेश में एएसपी (स्टेट एडवाइज प्राइज) लागू किया जाए। इससे किसानों को और फायदा मिलेगा।मंडल भर में गन्ने का सर्वे हो चुका है और उसे एसजी पोर्टल पर अपलोड भी कर दिया गया है। हालांकि पौधे को अभी पेड़ी में बदला जा रहा है। कुछ जनपदों में अगर कहीं पर गन्ने की फसल में नुकसान हुआ है तो उसका भी सर्वे कराया जाएगा। इसकी रिपोर्ट भी 17 जुलाई तक पूरी कर ली जाएगी। इसके बाद गन्ना रकबा में कुछ कमी आ सकती है। क्योंकि नुकसान वाली पेड़ी को रिकार्ड से हटाया जाएगा। किसानों को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।- हरपाल सिंह, उप गन्ना आयुक्त

# बेटी की शादी के लिए जमा की थी पूंजी, बैंक खाते से गायब

## गूगल से नंबर लेकर गंगाराम अस्पताल के डॉक्टर से मिलने का समय मांगने में हुई ठगी, डेढ़ महीने बाद दर्ज हुआ केस

मुरादाबाद-साइबर ठगी के मामले में पीड़ित की सुनवाई में काफी देरी की आम शिकायतें हैं। ऐसे ही एक मामला सिविल लाइन के अंबरीश कुमार वर्मा का सामने आया है। इनके बैंक खाते से डेढ़ लाख रुपये चोरी हो गए और यह केस दर्ज कराने के लिए डेढ़ महीने तक साइबर सेल से लेकर थाना, एसपी ग्रामीण और एसएसपी तक दौड़ते रहे। अब बुधवार शाम इनका केस सिविल लाइन थाने में दर्ज हुआ है। अंबरीश कुमार वर्मा भारतीय दूर संचार निगम (बीएसएनएल) में कार्यालय अधीक्षक पद से सेवानिवृत्त हैं। इन्होंने इलाज के लिए 18 मई को नई दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में संपर्क करने को गूगल से मोबाइल नंबर लिया, बात की। वह डॉ. शंकर आचार्य से मिलना चाह रहे थे। कॉल रिसीव करने वाले ने इन्हें अपना नाम शोमैन बताया। शोमैन ने अंबरीश से कहा, अभी हमारे मैनेजर आपसे बात करेंगे। उसके बाद दूसरे नंबर से अंबरीश के फोन पर कॉल आई। कॉलर ने अपना नाम अनिल मिश्र बताया और गंगाराम अस्पताल से बोलने की बात कही। उसने अंबरीश से सवाल किया कि आपको डॉ. शंकर आचार्य से मिलने का समय लेना है? जिस पर अंबरीश ने हामी भरी तो उसने पंजीकरण के नाम पर 450 रुपये मांगे। अंबरीश ने कॉलर अनिल मिश्र से कहा ये 450 रुपये कैसे भेजें तो उसने उनके व्हाट्सएप पर लिंक भेजा और अंबरीश ने उसे क्लिक किया तो ऑटोमैटिक उनके मोबाइल पर एप लोड हो गया। फिलहाल, 450 रुपये पेमेंट नहीं हो पाए तो कॉलर ने उनसे कहा कि ठीक है 27 मई को आना तो अस्पताल में ही पेमेंट कर देना। अंबरीश ने बताया कि 18 मई को बातचीत होने के बाद 20 मई के दिन उनके पंजाब नेशनल बैंक खाते से 50 हजार और भारतीय स्टेट बैंक खाते से एक लाख रुपये कट गए। तब उन्हें समझ आया कि वह साइबर ठगी का शिकार हो गए। परेशान अंबरीश उसी दिन सबसे पहले 1930 पर कॉल कर पुलिस को खबर की और पुलिस की तरफ से मांगे गए बैंक पासबुक, वित्तीय स्टेटमेंट आदि का विवरण व्हाट्सएप किया। उसी दिन वह पुलिस लाइन में साइबर सेल में भी जाकर घटना बताई। अंबरीश के मुताबिक, साइबर सेल टीम के लोगों ने उनसे प्रार्थना पत्र ले लिया लेकिन, केस दर्ज करने की बात पर उन्हें सिविल लाइन थाने जाने की सलाह दी। यहां भी सुनवाई नहीं हुई तो वह पुलिस अधीक्षक ग्रामीण से मिले। वह साइबर सेल से थाने और एसपी ग्रामीण एवं एसएसपी तक भागदौड़ में करीब डेढ़ महीने से भी अधिक समय बीत गया, तब बुधवार को सिविल लाइंस थाने में केस दर्ज हुआ है।

www.knlslive.com

### बेटी की शादी के लिए पेंशन के बदले ली थी एकमुश्त रकम

अंबरीश कुमार वर्मा ने बताया कि वह बीएसएनएल कर्मियों की यूनियन के जिला सचिव हैं। उन्होंने विभाग में कार्यालय अधीक्षक पद से 31 जनवरी 2020 को वीआरएस (स्वैच्छिक सेवानिवृत्त) ले लिया था। फिर बड़ी बेटी के विवाह के लिए उन्होंने पेंशन के बदले परिचित से एकमुश्त धनराशि ली थी। बैंक खाते में 31 जनवरी 2023 को करीब 6 लाख रुपये आए थे। इसी खाते से डेढ़ लाख रुपये साइबर ठग ने गायब कर लिए। पैसे चोरी होने के बाद से अंबरीश परेशान रहते हैं। इनके दो बेटियां हैं। अंबरीश कुमार वर्मा के मामले में जांच हुई होगी। इनके खाते से जिस खाते में पैसा ट्रांसफर हुआ उसमें रुपये नहीं होंगे, इसलिए केस दर्ज करने में देरी हुई होगी। खाता फ्रीज कराने की कार्रवाई तब तक होती है, जब ठगी करने वाले के खाते में रुपये हों। यदि उस खाते में रुपये नहीं हैं तो जल्दबाजी न दिखाते हुए आरोपी के बारे में पुख्ता जानकारी जुटाने की कोशिश की जाती है।- हेमराज मीना, एसएसपी

# आजम खान को सरकार ने वापस दी 'Y' श्रेणी की सुरक्षा, राजनीतिक क्षेत्र में मची खलबली



मुरादाबाद/रामपुर- प्रदेश सरकार ने समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता एवं पूर्व मंत्री आजम खान की वाई श्रेणी की सुरक्षा को उन्हें वापस कर दिया है। इस बात की पुष्टि कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह ने की है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सरकार की तरफ से आदेश भी जारी हो गया है। वैसे आजम खान की वाई श्रेणी की सुरक्षा वापस लेने का फरमान गुरुवार को ही शासन की तरफ से जारी हुआ था। लेकिन, अचानक कुछ ही समय बीतने के बाद दोबारा सपा नेता को वाई श्रेणी की सुरक्षा बहाल कर देने से राजनीतिक क्षेत्र में खलबली मचा गई है। राजनीतिक गलियारे में सरकार का निर्णय एकदम बदल जाना किसी के गले नहीं उतर रहा है। जानकारी हो कि सपा नेता आजम खान भैंस चोरी व अन्य मामलों में 27 महीने जेल में रहे। जेल से रिहा होने पर इन्हें सरकार ने वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की थी।

उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार जाने के बाद भाजपा सत्ता में आई। उसके बाद भाजपा सरकार ने आजम खां की घेराबंदी कर ली थी। उन पर भैंस चोरी से लेकर बकरी चोरी तक के मामले में केस दर्ज किए गए। थानों में भी दर्ज विभिन्न मामलों के अंतर्गत उन्होंने अपने को न्यायालय में सरेंडर कर दिया था। करीब 27 महीने बाद जमानत पर जेल से आजम खां रिहा हुए। फिर सरकार ने उन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की थी। कुछ महीने पहले ही आजम खान को भड़काऊ भाषण देने के मामले में 3 वर्ष की सजा हुई थी। कोर्ट से सजा मिलने के बाद उनकी विधानसभा सदस्यता भी चली गई थी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सांख्यिकीय आंकड़ो के संग्रहण हेतु सेन्सीटाइजेशन वर्कशॉप का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेªट सभागार में सांख्यिकीय आंकड़ो के संग्रहण हेतु सेन्सीटाइजेशन वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें उद्यमियों द्वारा फैक्ट्रियों से संबंधित ए0एस0आई को अपने स्तर से शुद्ध आंकड़े उपलब्ध कराए जाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने उद्यमियों को बताया कि सही आंकड़े सरकार को पॉलिसी बनाने में सहायता करते हैं, आपसे जो सूचनाएं मांगी जाये उन्हें सत्यता के आधार पर उपलब्ध कराए। यही आंकड़े पॉलिसी उद्देश्य हेतु भारत सरकार को उपलब्ध कराए जाते हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व युगराज सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार, एलडीएम विशाल दीक्षित, उप निदेशक डीएसटीओ, डीएसटीओ मो0 परवेज, सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं उद्यमीगण उपस्थित रहें।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# महिला ग्राम प्रधान ने एपीओ पर छेडछाड का आरोप लगाते हुये दी तहरीर

**एपीओ ने भी मारपीट व जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने का आरोप लगाते हुए दी तहरीर पुलिस ने कहा जांच के बाद की जायेगी कार्यवाई**



लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच

अकराबाद - ब्लाक क्षेत्र की एक महिला ग्राम प्रधान ने ब्लाक पर एपीओ पद पर तैनात कर्मचारी के खिलाफ छेड़छाड़ व रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। वहीं एपीओ ने भी ब्लाक प्रमुख पर अपने साथ अभद्रता व जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। महिला प्रधान ने दी तहरीर में कहा है कि बीते मंगलवार को वह विकास कार्य से संबंधित कागजात की फीडिंग कराने के लिए ब्लाक गई थी। वहां जाकर एपीओ कार्यालय पहुंची और फीडिंग के लिए कहा आरोप है कि एपीओ ने कहा कि आप अकेली आई हैं। जिस पर उसने कहा आपको अपने काम से मतलब है कि मेरे साथ कौन आया है या कौन नहीं आया है इससे क्या मतलब इस पर एपीओ ने कहा सभी कार्यों पर पांच प्रतिशत रुपए देने पड़ेंगे। जब उसने रुपए देने से मना किया तो आरोप है कि एपीओ ने कहा अगर आपको पैसे नहीं देने हैं तो वह उसकी ओर गंदी नजरों से देखते हुए उसका हाथ पकड़ लिया और अपनी ओर खींचने का प्रयास किया। वह इसका विरोध करते हुए कार्यालय से बाहर आ गई और वहां मौजूद लोगों को आपबीती बताई। जिस पर उन्होंने कहा आप सारी बात अपने ब्लाक प्रमुख को बताओ। जिस पर वह ब्लाक प्रमुख के पास पहुंची और उन्हें लिखित व मौखिक रुप से घटना की जानकारी दी। वहीं एपीओ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि मेरा हाल ही में धनीपुर ब्लॉक से अकराबाद ब्लॉक में एपीओ के पद पर स्थानांतरण हुआ है बीते मंगलवार को मैं ब्लॉक पर अपने कार्यालय में कंप्यूटर पर कार्य कर रहा था शाम के समय 2 लोग मेरे पास आए और बोले कि तुमने यहां योगदान कर लिया और ब्लॉक प्रमुख से नहीं मिले वह तुम्हें बुला रहे हैं जिस पर वह उठकर नरेगा संबंधित पत्रावली लेकर ब्लाक प्रमुख के कक्ष में पहुंचा आरोप है कि मुझे देखते ही वह आग बबूला हो गए कहा तुम मुझसे मिलने नहीं आए जो भी यहां कर्मचारी आता है वह मेरी बात मानता है जिस पर उसने कहा प्रमुख जी जो नियम है उन्हीं के अनुसार कार्य होता है मेरे द्वारा किसी भी नियम का उल्लंघन नहीं किया जाएगा इसके बाद आरोप है गुस्से में मुझसे जाति सूचक शब्द एवं अभद्रता अमर्यादित असहनीय गाली गलौज की कहा कि मेरे हाथ से मनरेगा की फाइल लेकर फाड दी इनके अन्य आठ दस साथियों ने मेरे साथ मारपीट की है। जब पूरे मामले में ब्लाक प्रमुख ठा. राहुल सिंह से बात की तो उन्होंने बताया कि बीते एक महिला ग्राम प्रधान उनके पास उनके आफिस आईं थी उन्होंने एपीओ द्वारा की गई घटना के बारे में बताया था। जिसपर उन्होंने एपीओ को बुलाकर जानकारी की तो वह गलत बात करने लगे जिसपर उन्होंने उसे आफिस से बाहर जाने के लिए कहा था।लगाए जा रहे आरोप बेबुनियाद है अगर उनके पास कोई साक्ष्य है तो वह प्रस्तुत करें। एपीओ ने अपना बचाव करने के लिए मेरे खिलाफ झूठा प्रार्थना पत्र दिया है। मामले के संबंध में थाना प्रभारी एमपीसिंह ने बताया है कि दो पक्षों की तहरीर मिल गई। जांच के बाद आबश्यक कार्यवाई की जायेगी।

# राजश्री इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड टेक्नोलॉजी के स्टार्ट-अप छात्र-छात्राओं का रिसर्च एण्ड इनोवेशन पार्क आई.आई.टी दिल्ली में भ्रमण




क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। राजश्री कालेज के छात्र-छात्राओं ने आर.एन.आई पार्क, आई.आई.टी दिल्ली का भ्रमण किया। जिसका मुख्य उद्देश्य इनक्यूवेशन एण्ड स्टार्ट-अप को किस तरह से आगे बढ़ाया जा सके। भारत सरकार की क्या-क्या स्कीम चल रहीं हैं, जिससे आने वाले समय में छात्र-छात्रओं को लाभ मिल सके और वहां पर राजश्री के छात्र-छात्राओं को स्टार्ट-अप के बारे में विस्तार से बताया। करनजीत चौधरी, सत्य दीप, प्रोग्राम मैंनेजर (एफ.आई.टी.टी.) ने नये-नये स्टार्ट-अप आइडियास से छात्रों को अवगत कराया। जिससे छात्रों को सोचने के लिये नया आयाम मिला। आई.आई.टी, नई दिल्ली में आर.एन.आई पार्क का दौरा एक बेहद ज्ञानवर्धक अनुभव था।

दौरे के दौरान छात्रों ने केन्द्र में अपनायी जाने वाली इनक्यूवेशन प्रोसेस की समझ हासिल की है। इस यात्रा ने हमारे छात्रों को टार्निंग की सम्भावनाएं तलाशने के लिये प्रेरित किया है। राजश्री के छात्र-छात्राओं ने एआई रोबोटिक्स, एडर्ना वी2, डैश डायनामिक प्रा0 लि0, ड्रोन डिलीवरी टीसॉ के स्टार्ट के बारे में जानकारी ली। छात्र-छात्राओं के द्वारा मैनेजमेंट को तथा पूर्ण रूप से एकेडमिक एडवाइजर मिस. तूलिका अग्रवाल को धन्यवाद किया। क्योंकि इस प्रकार के भ्रमण से रोजगार बनाने में छात्र-छात्राओं को काफी आसानी होगी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से हरप्रीत सिंह, मेघा सिंह ने छात्र-छात्राओं को पूरा सहयोग किया।

# टोल प्लाजा के निकट सड़क हादसे में युवक की मृत्यु



लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच

अकराबाद - रात नेशनल हाईवे स्थित अकराबाद टोल प्लाजा के निकट एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। कस्बा निवासी विजय यादव के दो बेटों में छोटा शिवम की रात टोल प्लाजा पर किसी काम से गया था। जहां सड़क पार करते समय किसी अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। हादसे में शिवम गंभीर रुप से घायल होगया। हादसे की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंच गए और टोल पर खड़ी एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल अलीगढ़ ले गए जहां डाक्टरों ने शिवम (17) को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी अलीगढ़ भेजा है। शिवम की मौत से परिवारीजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# जल ही जीवन है इसका दुर्पयोग न करें - विजयसिंह




लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच

अकराबाद - विकास खंड कार्यालय पर पहुंची जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमंती विजयसिंह ने जल जीवन मिशन के प्रशिक्षण शिविर का फीताकाटकर शुभारंभ किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा जल जीवन मिशन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि जल ही जीवन है इसका दुर्पयोग न करें और जल को व्यर्थ न बर्बाद न करें। उन्होंने ग्राम प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों को जल जीवन की किटों का वितरण किया। इससे पूर्व यहां पहुंचने पर क्षेत्र के तमाम प्रधानों ने उनका फूलमालाओं के साथ स्वागत किया।।

# तीन दिन से कर रहे थे परेशान, पुलिस ने पीड़ित परिवार को ही फटकारा

निशाकांत शर्मा -क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - थाना जैथरा के गांव पिपहैरा निवासी मयंक (6) की हत्या के मामले में परिजनों का कहना है कि वैसे तो यह अपराधी कई दिनों से परेशान करते थे। तीन दिन से तो हद ही हो गई थी। पुलिस कार्रवाई न होने के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए थे। पीड़ित की सूचना पर पुलिस मौके पर तो पहुंची थी, लेकिन आरोपियों पर कार्रवाई के बजाए पीड़ित परिवार को ही फटकार कर चली गई थी। पोस्टमार्टम गृह पहुंचे घरवालों ने बताया कि आरोपी बबलू आए दिन छत पर अश्लील हरकतें करता था। विरोध पर पत्थर मारता था। इसकी शिकायत करने वह धुमरी पुलिस चौकी गए थे। वहां से कह दिया कि अगले दिन गांव में आएंगे। इसके साथ ही डायल-112 को कॉल कर बुलाया। उन्होंने भी कार्रवाई करने के बजाए फटकार लगा दी। पीड़ित से कह दिया कि तुम ही उल्टा पुलिस को परेशान कर रहे हो। अगली बार अश्लील हरकतें करे तो उसकी वीडियो बना लेना। बुधवार को मृतक की बुआ ने वीडियो बना ली थी। इसे लेकर ही इतना बड़ा बवाल हो गया। घरवालों का आरोप है कि आरोपी मोबाइल भी छीन ले गए हैं। सबसे पहले आरोपियों ने मोबाइल ही छीना था। यह है रंजिश का कारण मृतक मयंक के पिता रिंकू और उनके दो भाई दिल्ली में कबाड़े का काम करते हैं। रिंकू का भाई सुर्वेद्र उर्फ संजू वर्तमान में जेल में निरुद्ध है। यह भी दिल्ली में ही कबाड़ का काम करते थे। चर्चा है कि दिल्ली में कबाड़ का सामान खरीदने को लेकर विवाद हो गया था। इसकी जानकारी दिल्ली पुलिस को दी थी। इसके बाद 19 सितंबर को दिल्ली से आए ओमवीर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसमें संजू सहित चार आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज हुई थी। रिपोर्ट भाई रामबृज उर्फ टेपू ने कराई थी। हत्या के बाद से रंजिश शुरू हो गई थी। घटना के बाद से दहशत में कोई भी पुरुष घर में नहीं रहता था। परिजनों की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। हत्या के पीछे पुरानी रंजिश बताई जा रही है। पुलिस हत्या के मामले की गहराई से जांच कर रही है। जो भी दोषी है उन्हें जेल भेजा जाएगा।- राजेश कुमार सिंह, एसएसपी एटा

## अपराधियों का खौफ,9 माह से कोई पुरुष नहीं आया घर

